**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–23.03.2025 (संध्या–1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **जनजातीय ऐतिहासिक स्थलों को मिलेगी राश्ट्रीय पहचान, राज्य सरकार ने ट्राइबल टूरिज्म सर्किट विकसित करने की बनायी योजना।**
2. **झारखंड समेत देशभर में मनाया गया शहीद दिवस, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने शहीद ए आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को दी श्रद्धांजलि।**
3. **जामताड़ा में आयोजित सहिया सम्मेलन में स्वास्थ्य मंत्री ने राज्य की 42 हजार सहियाओं को अत्याधुनिक टैब देने की घोषणा की, बेहतर कार्य करने वाली सहियाओं को किया सम्मानित।**
4. **राजधानी रांची सहित गुमला, लोहरदगा और खूंटी में तेज बारिश और ओलावृष्टि से तापमान में आयी गिरावट, मौसम विभाग के अनुसार अगले 2 से 3 दिनों में तापमान 35 से 40 डिग्री सेल्सियस होने के आसार।**
5. **पैरा खेलो इंडिया गेम्स में तीरंदाजी में झारखंड के विजय सूंडी बने ओवरऑल चैंपियन**
6.

**समाचार विस्तार से**

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर खूंटी में ट्राइबल टूरिज्म सर्किट विकसित करने की योजना बनाई गई। इस के तहत पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, पर्यटन सचिव अंजली यादव और अन्य विधायकों ने ऐतिहासिक स्थलों उलिहातू, डोंबारी शहीद स्थल और चलकद का दौरा किया। मौके पर मंत्री ने कहा कि तमाड़ के दिवड़ी मंदिर से सर्किट की शुरुआत कर अन्य ऐतिहासिक स्थलों को जोड़ा जाएगा। इससे जनजातीय विरासत को राष्ट्रीय पहचान मिलेगी और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

*******************

कृतज्ञ राष्ट्र देश के तीन महान स्वतंत्रता सेनानी– शहीद–ए–आजम भगत सिंह, शिवराम राजगुरु और सुखदेव थापर को आज श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। तीनों वीर सपूतों को आज ही के दिन वर्ष 1931 में लाहौर के केंद्रीय कारागार में फांसी दे दी गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। झारखंड के विभिन्न जिलो में भी आज शहीद दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। सरायकेला खरसावां के शहीद भगत सिंह फैन्स क्लब में शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इधर पलामू जिले में शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को श्रद्धांजलि देने के लिए कचहरी चौक से प्रभात फेरी निकाली। मौके पर कई कलाकारों ने देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी और वक्ताओं ने शहीदों के विचारों की प्रासंगिकता पर चर्चा की।

*******************

जामताड़ा जिले में सहिया सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें जिले की 1500 से अधिक सहियाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर बेहतर कार्य करने वाली सहियाओं को प्रमाण पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मौके पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने राज्य की 42 हजार सहियाओं को अत्याधुनिक टैब देने की घोषणा की। उन्होंने आश्वासन दिया कि सहियाओं की समस्याओं के समाधान के लिए राज्यभर में सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे।

*******************

जमशेदपुर के गोपाल मैदान में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) महोत्सव का उद्घाटन उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने किया। महोत्सव में 50 से अधिक स्टॉल लगाए गए, जिनमें मोटे अनाज, मशरूम, बीज और मशीनरी प्रदर्शित की गई। मंत्री ने कहा कि यह पहल राज्य में पलायन रोकने और स्थानीय रोजगार सृजन में मदद करेगी।

*******************

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर 108 एंबुलेंस सेवा की बदहाली का आरोप लगाया है। अपने सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि एंबुलेंस कर्मचारियों को आर्थिक तंगी, वेतन कटौती और अस्थायी नौकरी की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। श्री मरांडी ने सरकार से 108 एंबुलेंस सेवा को मजबूत करने की मांग की।

*******************

सिमडेगा जिले की महिलाएं जेएसएलपीएस समूह से जुड़कर आत्मनिर्भर हो रही हैं।

**संक्षिप्त खबरें–**

- गुमला जिले में नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत वयस्क नवसाक्षरों के लिए बुनियादी साक्षरता आकलन परीक्षा आयोजित की गई। जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर प्रखंड स्तर से केंद्राधीक्षक और वीक्षक की प्रतिनियुक्ति की गई थी।
- देवघर जिले में आज से पारंपरिक गंवाली पूजा की शुरुआत हुई, जिस के तहत मुख्य अनुष्ठान तक नगरवासियों के आवागमन पर रोक रहेगी। 25 मार्च को बाबा बैद्यनाथ मंदिर में मुख्य अनुष्ठान आयोजित होगा।
- लोहरदगा पुलिस लाइन में सरहुल से पहले सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस जवानों और अधिकारियों ने मांदर की थाप पर नृत्य किया। पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील की।

*******************

राजधानी रांची सहित गुमला, लोहरदगा और खूंटी में तेज बारिश और ओलावृष्टि से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के पूर्वानुमान अनुसार अगले 2 से 3 दिनों में तापमान 35 से 40 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है, जिससे गर्मी और उमस बढ़ने की संभावना है।

*******************

**खेल जगत की खबरें–**

- दिल्ली के नेहरू स्टेडियम में आयोजित पैरा खेलो इंडिया गेम्स तीरंदाज़ी में झारखंड के विजय सूंडी ओवरऑल चैंपियन बनें। उन्होंने स्वर्ण पदक और स्कूर्ति सिंह ने कांस्य पदक जीता। खेल विभाग के अधिकारियों और प्रशिक्षकों ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी।
- झारखंड अस्मिता हॉकी लीग 2025 में जूनियर वर्ग के सेमीफाइनल में हॉकी सिमडेगा और हॉकी हजारीबाग ने फाइनल में जगह बना ली है। वहीं सब–जूनियर वर्ग में हॉकी सिमडेगा और हॉकी रांची की टीमें फाइनल में पहुंचीं। फाइनल मुकाबले और तीसरे स्थान के लिए मैच कल खेले जाएंगे।
- धनबाद में आयोजित 12वीं झारखंड राज्य सब–जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता में बालक वर्ग में बोकारो और बालिका वर्ग का खिताब चतरा ने जीता।

***************